MAADHYAM IAS

'way to achieve your dream'

# (General Hindi) 65th BPSC Mains Examination Question Paper

MAADHYAM IAS

## खंड-1

**(General Hindi/सामान्य हिन्दी)**

**( अधिकतम अंक-100 )**

अनुदेश:

- उपान्त के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।
- सभी प्रश्नों के उत्तर दें।
- परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
- एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच में अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जाएँ।

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 500 शब्दों में निबंध लिखिये: 30

(क) विद्यार्थी और अनुशासन

(ख) राष्ट्रीय एकता

(ग) विज्ञान की उपलब्धियाँ

(घ) बेरोज़गारी की समस्या

(ङ) महँगाई की समस्या

(च) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत

2. निम्नलिखित अवतरण का एक-तिहाई शब्दों में सार लिखते हुए उसका उपयुक्त शीर्षक दीजिये। 15

स्वस्थ शरीर वाला मनुष्य ही इस संसार के सभी प्रकार के सुखों को भोग सकता है तथा सुखमय जीवन बिता सकता है। स्वस्थ शरीर के लिये पौष्टिक भोजन तथा व्यायाम दोनों ही अति आवश्यक हैं। व्यायाम करने का भी ढंग होता है। इसे करते समय सदा कुछ सावधानियाँ बरतनी चाहिये। पहली सावधानी यह है कि आयु, समय व शरीर की क्षमता के अनुसार ही व्यायाम करना चाहिये। दूसरी सावधानी यह है कि सही व्यायाम का चुनाव करना चाहिये तथा व्यायाम की उचित की मात्रा निश्चित करनी चाहिये। तीसरी सावधानी यह है कि शुद्ध वायु, प्रकाश वाले खुले स्थान में व्यायाम करना चाहिये। व्यायाम के अनेक लाभ हैं- इससे शरीर में शुद्ध रक्त का संचार होता है, भोजन ठीक से पचता है, शरीर पुष्ट बन जाता है, थकान कम अनुभव होती है तथा मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है।

MAADHYAM IAS

3. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 500 शब्दों में निबंध लिखिये: 1×10=10

(क) उन्होंने कहाँ जाना है?

(ख) दही जम गई है।

(ग) मेरा पिताजी दफ्तर गया है।

(घ) वह जल्दी लौट आएँगे।

(ङ) गाँधीजी बोलते थे सदा सत्य।

(च) बच्चे ने संतरे को खाया।

(छ) आज का दीन बहुत शुभ है।

(ज) मुझे गरम गाय का दूध दो।

(झ) राधा, रमेश और रमा पढ़ रही थीं।

(ञ) हाय! कितना सुंदर चित्र है।

4. निम्नलिखित मुहावरे-लोकोक्तियों में से किन्हीं पाँच का अर्थ लिखकर उन्हें वाक्यों में प्रयुक्त कीजिये: 3×5=15

(क) कमर कसना

(ख) अंधे की लाठी

(ग) एक और एक ग्यारह होना

(घ) कलेजा मुँह को आना

(ङ) घी के दिये जलाना

(च) जीती मक्खी निगलना

(छ) अधजल गगरी छलकत जाए

(ज) घर की मुर्गी दाल बराबर

(झ) अंधे में काना राजा

(ञ) नाकों चने चबाना

5. संज्ञा की परिभाषा देते हुए उसके भेदों को सोदाहरण लिखिये। 10

6. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिये: 1×5=5

(क) अमृत
(ख) चंद्रमा
(ग) कमल
(घ) अहंकार
(ङ) दूध
(च) मति
(छ) शत्रु
(ज) संसार
(झ) राजा
(ञ) स्वर्ण

7. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच वाक्यांशों के लिये एक शब्द लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिये: 1×5=5

(क) दूसरों से ईर्ष्या करने वाला
(ख) जो भूमि उपजाऊ हो
(ग) जो कभी बूढ़ा न हो
(घ) जो सब कुछ जानता हो
(ङ) जिसकी पत्नी मर गई हो
(च) जिसका अंत न हो
(छ) जिसे भुलाया न जा सके
(ज) जिसमें सहनशक्ति हो
(झ) व्याकरण जानने वाला
(ञ) जिसकी आयु लंबी हो

8. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच समासों के समस्त पदों का विग्रह करते हुए समास बताइए: 1×5=5

(क) प्रतिदिन
(ख) देशनिकाला
(ग) नीलगाय
(घ) त्रिवेणी
(ङ) जन्म-मृत्यु
(च) दशानन
(छ) नीलकंठ
(ज) दोपहर
(झ) तुलसीकृत
(ञ) यथासमय

9. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच उपसर्गों के दो-दो शब्द बनाइए: 1×5=5

अति; अ ; दुर् ; कु ; बद ; दु ; नि ; वि ; निर् ; अप।